**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 07.08.2026 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. आगामी अति विशिष्ट व्यक्ति के आगमन के मद्देनजर कल और 9 अगस्त के लिए अस्थायी यातायात नियम लागू किए गए हैं।
2. पीएम फसल बीमा योजना के तहत द्वीपसमूह के तीनों जिलों में खरीफ 2026 सीजन के लिए धान को अधिसूचित किया गया है।
3. पर्यटन निदेशालय ने रेज़िंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस के तहत पात्र लोगों से आवेदन आमंत्रित किए हैं।
4. डीसी एसपी कप के क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मैच आज सुबह 9 बजे से, जबकि ग्रैंड फिनाले शाम 4 बजे से खेला जाएगा।

**<><><><><><><>**

आगामी अति विशिष्ट व्यक्ति के आगमन के मद्देनजर अस्थायी यातायात नियम लागू किए गए हैं। समय सारणी के अनुसार कल दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक और दोपहर ढाई बजे से शाम 7 बजे तक वीआईपी रोड और सेल्यूलर जेल मार्ग पर यातायात सेवा प्रभावित रहेंगी। वहीं, 09 अगस्त सुबह साढ़े सात बजे से दिन में 11 बजकर 45 मिनट तक और दोपहर साढ़े बारह बजे से शाम 6 बजे तक मरीना पार्क से फ्लैग प्वाइंट, वीआईपी रोड, डॉलीगंज से डीब्रेट तथा फिनिक्स बे जेट्टी रोड पर वाहनों की आवाजाही बाधित रहेगी। इस दौरान आपातकालीन वाहनों को इन मार्गों पर चलाने की अनुमति होगी। यातायात पुलिस ने आम जनता से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने यातायात नियमों का पालन करने को कहा है। अधिक जानकारी के लिए यातायात नियंत्रण कक्ष व व्हाट्सऐप हेल्पलाइन नम्बर पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वर्ष 2016 से इन द्वीपों में कार्यान्वित की जा रही है। योजना का उद्देश्य अप्रत्याशित प्राकृतिक घटनाओं के तहत पंजीकृत किसानों को बीमा कवर प्रदान करना है। यह योजना कृषि क्षेत्र में ऋण के प्रवाह को सुनिश्चित करती है और किसानों की आय को स्थिरता प्रदान करती है। द्वीपसमूह के तीनों जिलों में खरीफ 2026 सीजन के लिए धान PMFBY के तहत अधिसूचित फसल है। योजना के तहत नामांकित सभी किसानों को भूमि रिकॉर्ड या प्रशासन द्वारा अधिसूचित अन्य दस्तावेज 31 अगस्त तक जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

भारत के उप–राष्ट्रपति के द्वीपसमूह दौरे और सुरक्षा के मद्देनजर आज नेताजी सुभाषचन्द्र बोस पुलिस प्रशिक्षण संस्थान के फायरिंग रेंज में छोटे हथियारों से फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास दोपहर 12 बजे तक चलेगा।

उधर, भारतीय तटरक्षक बल द्वारा ब्रिचगंज स्थित चिंते लांग रेंज में 10 और 25 अगस्त को फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। अभ्यास सुबह साढ़े नौ बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों के लोगों को फायरिंग रेंज से दूर रहने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से, राष्ट्रीय स्मारक सेल्युलर जेल कल पर्यटकों और आम जनता के लिए केवल सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक खुला रहेगा।

<><><><><><><>

अंडमान कॉलेज के शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के तहत स्नातक पाठ्यक्रमों की नियमित कक्षाएं 10 अगस्त से शुरू होंगी। छात्रों को अपने संबंधित विभागों में रिपोर्ट करने और कॉलेज द्वारा जारी समय–सारणी के अनुसार कक्षाओं में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय ने रेज़िंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस पर्यटन पहल 2026–27 के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र एमएसएमई, होमस्टे मालिकों और व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह योजना कल प्रशासन के राजपत्र द्वारा अधिसूचित कर दी गई है। यह योजना गुणवत्तापूर्ण एवं टिकाऊ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए द्वीप समूह में होमस्टे कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण, प्रमाणन और एक्सपोजर कार्यक्रम के अलावा एस्ट्रो–टूरिज्म उपकरण खरीद के लिए एमएसएमई सहायता के माध्यम से द्वीपसमूह में एस्ट्रो–टूरिज्म को बढ़ावा देगा। इसके लिए निर्धारित आवेदन पत्र, आवश्यक दस्तावेजों की सूची और संपूर्ण दिशा–निर्देश ई–राजपत्र पोर्टल पर उपलब्ध है। इस संबंध में, लाभार्थियों की सुविधा के लिए पर्यटन विभाग एक पंजीकरण एवं सुविधा शिविर आयोजित करेगा। सहमति पत्र निर्धारित प्रारूप में 20 अगस्त शाम 5 बजे तक निदेशालय के योजना अनुभाग में जमा किया जा सकता है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के तहत चल रहे डीसी एसपी कप अंतर–ग्राम पुरुष एवं महिला वॉलीबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और ग्रैंड फिनाले मुकाबले आज कार्बाइंस कोव बीच में आयोजित किए जाएंगे। क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मैच सुबह 9 बजे से शुरू होंगे, जबकि ग्रैंड फिनाले शाम 4 बजे से खेला जाएगा।, खेल एवं युवा मामले निदेशालय, शिक्षा निदेशालय और माय भारत के सहयोग से आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम खेल और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया जा रहा है।

<><><><><><><>

अनिम्स में शैक्षणिक सत्र 2026–27 में एमबीबीएस प्रवेश के लिए 114 सीटों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें से 17 सीटों पर प्रवेश मेडिकल परामर्श समिति द्वारा ऑनलाइन माध्यम से अखिल भारतीय कोटा के अंतर्गत किया जाएगा तथा शेष 97 सीटों पर राज्य कोटा के अंतर्गत प्रवेश दिया जाएगा। अनिम्स में प्रवेश के इच्छुक छात्र कल से 16 अगस्त तक सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल या अनिम्स के

वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अस्थाई योग्यता सूची 17 अगस्त को, दावे और आपत्तियां 17 से 19 अगस्त शाम 3 बजे तक, जबकि अंतिम योग्यता सूची 19 अगस्त को शाम 5 बजे जारी की जाएगी। नियमित कक्षाएं 8 सितम्बर से आरंभ होगी। अधिक जानकारी अनिम्स के वेबसाइट पर उपलब्ध है।

उधर, महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में कुछ सीटें रिक्त पड़ी हैं। प्रथम वर्ष के डिग्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी 14 अगस्त सुबह साढ़े नौ बजे से सीधे प्रवेश पा सकते है।

<><><><><><><>

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र के माध्यम से द्वीपसमूह के नौवीं से बारहवीं कक्षा के छात्रों को ICMR SHINE–2026 रील्स मेकिंग प्रतियोगिता' में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के साथ–साथ लघु वीडियो रील्स के माध्यम से युवाओं को जनस्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण संदेशों को रचनात्मक रूप से व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियाँ 12 अगस्त तक स्वीकार की जाएंगी।

<><><><><><><>

डिगलीपुर में एनएच–4 में कार्गो सेवा, पिक–अप वैन के मालिकों और अन्य वाहन चालकों द्वारा किया जा रहा विरोध प्रदर्शन समाप्त हो गया। यह प्रदर्शन  कार्गों वाहनों को अनिवार्य वजन से छूट देने, श्री विजयपुरम और डिगलीपुर के बीच माल परिवहन करने वाले एटीआर बस ऑपरेटरों पर प्रतिबंध लगाने व अन्य प्रशासनिक समस्याओं से राहत देने की मांग कर रहा था। इसे देखते हुए मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त, ने आश्वासन ने कहा कि अधिकृत परिवहन वाहनों को 15 अगस्त तक बिना चालान के इस मार्ग पर चलने की अनुमति दी जाएगी।

<><><><><><><>